ओलंपकि गेम्स- 2036 की मेज़बानी हेतु भारत की महत्त्वाकांक्षा

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने मुंबई में 141वें **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपकि समिति सत्र** के उद्घाटन समारोह के दौरान आदर्श रूप से वर्ष 2036 में **ओलंपकि खेलों** की मेज़बानी करने के भारत के इरादे की घोषणा की।

- **चीन, दक्षिण कोरिया** और **जापान** ही केवल ऐसे एशियाई देश हैं जिन्होंने ओलंपकि की मेज़बानी की है, **जापान ने वर्ष 1964 तथा वर्ष 2020 में दो बार ओलंपकि खेलों की मेज़बानी की** है।

ओलंपकि हेतु मेज़बान शहर के चयन की प्रक्रिया:

- **पारंपरकि प्रणाली:**
  - पहले मेज़बानी लेने के लिये शहरों को **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपकि समिति (IOC)** को रुचि पत्र प्रस्तुत करना होता था। जिसमें एक **लंबी बहु-वर्षीय, बहु-चरणीय मूल्यांकन प्रक्रिया** होती थी।
  - मेज़बानों का चयन **सात साल पूर्व ही** कर लिया जाता था।
  - यह प्रकिया प्रायः अत्यधिक **खर्च, कर्ज़, भ्रष्टाचार** और **घोटालों का कारण** बनती है।
- **नया दृष्टिकोण: ओलंपकि एजेंडा 2020:**
  - वर्ष 2013 में थॉमस बाख IOC के अध्यक्ष बने और उन्होंने ओलंपकि एजेंडा- 2020 पेश किया, जो ओलंपकि गतिविधियों के भविष्य का एक ब्लूप्रिंट था।
  - वर्ष 2014 में IOC सत्र के दौरान एजेंडे को मंज़ूरी दी गई थी। एक प्रमुख पहल **मेज़बान शहरों के चयन के लिये 'नया मानदंड' स्थापित करना** था, जिसे **आधिकारिक तौर पर वर्ष 2019 में स्विट्ज़रलैंड के लॉज़ेन में** IOC सत्र के दौरान **अपनाया गया** था।
    - इसने अधिक लचीलेपन के साथ मेज़बानों के चयन के **सात-वर्षीय नियम को प्रतिस्थापित कर दिया।**
    - "द गेम्स एडप्ट टू द रीज़न, द रीज़न डज़ नॉट एडप्ट टू द गेम्स" आदर्श वाक्य के साथ लचीलेपन, स्थिरता और लागत-प्रभावशीलता पर ज़ोर दिया गया।
    - इसमें दो चरण शामिल होते हैं: **निरंतर संवाद (Continuous Dialogue) एवं लक्षित संवाद (Targeted Dialogue)।**
      - निरंतर संवाद विशिष्ट समय सीमा के बिना लचीले मास्टर प्लान की अनुमति देता है।
      - लक्षित संवाद की अवधि 12 माह तक होती है, जिसमें विस्तृत चर्चा, गारंटी और एक सलाहकार रिपोर्ट शामिल होती है।

नोट: वर्ष 2030 के बाद से शुरू होने वाले सभी ओलंपकि खेलों के संस्करणों को **IOC की जलवायु-सकारात्मक प्रतिबद्धता** का पालन करते हुए अपने बजट व्यय को सीमित करना होगा।

ओलंपकि से संबंधित महत्त्वपूर्ण पहलू:

- **परिचय**:
  - **ओलंपकि एक अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन है जो प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित किया जाता है।**
    - ओलंपकि का लक्ष्य खेल के माध्यम से मनुष्य का विकास करना और विश्व शांति में योगदान देना है।
  - **ओलंपकि में शामिल खेल:** ग्रीष्मकालीन खेल, शीतकालीन खेल और युवा ओलंपकि खेल।
- **इतिहास और उत्पत्ति:**
  - ओलंपकि की शुरुआत लगभग **3,000 वर्ष पूर्व प्राचीन ग्रीस के पेलोपोनेसि क्षेत्र में हुई थी।**
  - हालाँकि सटीक आरंभ तिथि की अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है, आमतौर पर ऐतिहासिक अभिलेखों में **इसका वर्ष 776 ईसा पूर्व उल्लेखित है।**
    - **पियरे डी. कूबर्टनि** की योजना के आधार पर पहला आधुनिक ओलंपकि **वर्ष 1896 में एथेंस, ग्रीस** में आयोजित किया गया था।
- **ओलंपकि रिंग्स:**

    - ओलंपिक प्रतीक में एक सफेद पृष्ठभूमि पर **विभिन्न रंगों (नीला, पीला, काला, हरा और लाल) के पाँच इंटरलॉकिंग रिंग्स होते हैं।**
        - ये रिंग्स **विश्व के पाँच महाद्वीपों** का प्रतिनिधित्व करते हैं और **खेलों के माध्यम से देशों की एकता एवं विविधता का प्रतीक हैं।**



//

- **आगामी कार्यक्रम:**
    - **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2024**: पेरिस, फ्राँस
    - **शीतकालीन ओलंपिक 2026:** मिलान-कोर्टिना डी'अम्पेज़ो, इटली
    - **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028:** लॉस एंजेलिस, USA
    - **ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2032:** ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया

भारत द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बहु खेल आयोजन:

- **एशियाई खेल:** वर्ष 1951 और वर्ष 1982
- **राष्ट्रमंडल खेल:** वर्ष 2010
- **दक्षिण एशियाई खेल:** वर्ष 1987, वर्ष 1995 और वर्ष 2016

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-ambitious-bid-to-host-the-2036-olympic-games